BSES

पावर अलर्टः बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है

अक्षरधाम–नोएडा रोड से हटेंगे बिजली के टावर

नई दिल्लीः 22 जुलाई, 2013। अक्षरधाम–नोएडा रोड के पास पूर्वी दिल्ली हाट बनाए जाने का प्रस्ताव है। यह हाट बड़े पैमाने पर शहर के लोगों और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगी। इसलिए, बीवाईपीएल ने इस रोड पर खड़े बिजली के टावरों को निष्क्रिय करने और उन्हें हटाने का काम शुरू कर दिया है। इन टावरों की जगह अंडरग्राउंड केबलें बिछा ली गई हैं।

मंगलवार और बुधवार को बिजली के इन टावरों को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। इस क्रम में 23 और 24 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक, बीवाईपीएल को इस क्षेत्र में शटडाउन लेना पड़ रहा है। इससे अक्षरधाम–नोएडा रोड के आसपास की सोसाइटीज और कमर्शल कॉम्प्लेक्सेज में बिजली आपूर्ति प्रभावित रह सकती है।

हालांकि बीवाईपीएल ने इस इलाके के पहले ही बैकफीड कर दिया है। लेकिन चूंकि अक्षरधाम– नोएडा रोड पर स्थित बिजली के ये टावर इस इलाके में बिजली के मुख्य स्रोत हैं, इसलिए उपभोक्ताओं को थोड़ी–बहुत परेशानी हो सकती है।

गौरतलब है कि पूर्वी दिल्ली हाट को वसुंधरा एन्क्लेव ग्रिड से बिजली दी जाएगी। इस सिलसिले में तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

इससे पहले, हसनपुर बस डिपो से मैक्स हॉस्पिटल होते हुए जो सड़क एनएच–24 को जाती है, उस पर भी बिजली के टावर्स को अंडरग्राउंड किया जा चुका है।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआपीएल व बीवाईपीएल अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

....